केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा जोश और उत्साह के साथ मनाया गया 10वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2024

केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल (सीआरपीएफ) द्वारा 21 जून 2024 को 10 वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस "स्वयं और समाज के लिए योग" थीम पर ध्यान केंद्रित करते हुए बड़े उत्साह और प्रतिबद्धता के साथ मनाया गया। श्री अनीश दयाल सिंह, महानिदेशक, केरिपुबल के नेतृत्व में वरिष्ठ अधिकारियों और सीआरपीएफ की 206 कोबरा बटालियन के लगभग 600 कमाण्डों के साथ छत्तीसगढ़ के नक्सली गतिविधियों के गढ़ बस्तर क्षेत्र के जगदलपुर में योगाभ्यास के इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया तथा साथ ही योग के अभ्यास के माध्यम से शांति और कल्याण का संदेश प्रसारित करने का प्रयास किया गया।

इस अवसर पर बोलते हुए, सीआरपीएफ महानिदेशक ने इस बात पर बल दिया कि योग न केवल विभिन्न बीमारियों का इलाज है, बल्कि कठिन परिस्थितियों में चुनौतीपूर्ण कर्तव्य निभाने वाले हमारे कर्मियों के तनाव को कम करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

इसके अतिरिक्त, एसडीजी कैंप, ओल्ड जेएनयू कैंपस, नई दिल्ली और सीआरपीएफ द्वारा देश भर के विभिन्न दूरदराज के स्थानों में भव्य योग सत्र आयोजित किए गए।

केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल जीवन में सद्भाव और संतुलन प्राप्त करने में योग के अत्यधिक लाभों के आलोक में संगठन के हर स्तर पर योग को एकीकृत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बल अपने बहादुर सदस्यों को अपने और अपने परिजनों की दैनिक दिनचर्या में योग को शामिल करने के लिए प्रोत्साहित करता है ताकि उनके मानसिक तथा शारीरिक स्वास्थ्य में सुधार हो सके।